प्रेषिका,

रेखा विश्वकर्मा
अपर सिविल जज (कनिष्ठ श्रेणी)
कक्ष संख्या 14, इलाहाबाद।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः जनपद न्यायाधीश,
इलाहाबाद।

विषयः माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित आपत्ति के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उपरोक्त विषय पर ससम्मान निवेदन है कि मैंने दिनांक 16.12.2019 को जनपद न्यायालय इलाहाबाद में अपर सिविल जज (कनिष्ठ श्रेणी) कक्ष संख्या–14 इलाहाबाद के पद पर कार्य भार ग्रहण किया है। प्रार्थिनी लखनऊ विश्वविद्यालय से द्विवर्षीय एल.एल.एम. पाठ्यक्रम में जुलाई 2018 से ही अध्ययनरत थी। न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पूर्व ही प्रार्थिनी के पाठ्यक्रम का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर पूर्ण हो चुका था। न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पश्चात् प्रार्थिनी को तृतीय सेमेस्टर का एक पेपर व चतुर्थ सेमेस्टर में होने वाले मात्र लघु शोध कार्य को पूर्ण करना शेष रह गया, था।

अतः प्रार्थिनी द्वारा न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पूर्व पाठ्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में नियमित कक्षाएं की गई थीं। न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पश्चात् प्रार्थिनी द्वारा तृतीय सेमेस्टर का एक पेपर एवं चतुर्थ सेमेस्टर में होने वाले मात्र लघु शोध कार्य को माननीय उच्च न्यायालय की अनुमति की प्रत्याशा में पूर्ण किया गया। प्रार्थिनी द्वारा न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पश्चात् कोई कक्षाएं नहीं की गई हैं।

प्रार्थिनी द्वारा एल.एल.एम. चतुर्थ सेमेस्टर के अंक पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जा रही है।

प्रार्थिनी लखनऊ विश्वविद्यालय में एल.एल.एम. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में जुलाई 2018 से ही अध्ययनरत थी। न्यायिक कार्य भार ग्रहण करने के पूर्व ही पाठ्यक्रम का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर पूर्ण हो चुका था।

अतः प्रार्थिनी द्वारा पाठ्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में नियमित कक्षाएं की गई थीं। प्रार्थिनी द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर में होने वाले मात्र लघु शोध कार्य को सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

माननीय महोदय के अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।

दिनांकः– 26.07.2021

भवदीया
Rekha Vishwakarma 26/07/2021
रेखा विश्वकर्मा
अपर सिविल जज (कनिष्ठ श्रेणी)
कक्ष संख्या 14, इलाहाबाद।

संलग्नकः– एल0.एल0.एम0. चतुर्थ सेमेस्टर के अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।